Result Mitra Daily magazine

वह अमेरिका की आखिरी सबसे अच्छी जगह को आत्महत्या से बचाने के लिए लड़ रही है

(She's fighting to save America's last best place from suicide)

मोंटाना राज्य, USA-

- यह USA का एक राज्य है, जो इसके उत्तरी भाग में है।
- यह USA का क्षेत्रफल की दृष्टि से चौथा बड़ा राज्य है।
- अन्य राज्य जो क्षेत्रफल में इससे बड़े हैं, वे हैं- अलास्का, टेक्सॉल और कैलीफोर्निया।
- मोंटाना की उत्तरी सीमा कनाडा के ब्रिटिश कोलाम्बिया अल्बर्च और सस्केचवान से मिलती है।
- 'मोंटाना नाम स्पेनिस भाषा से लिया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ 'पहाड़' होता है। हालांकि मोंटाना राज्य की औसत ऊंचाई USA के कई पर्वतीय राज्यों से काफी कम है।
- मोंटाना वास्तव में USA के उत्तरी ग्रेट प्लेन (North great plains) का हिस्सा है।
- मोंटाका पूर्वी हिस्सा अमेरिका ने 1803 में फ्रांस से खरीदा था, जबकि पश्चिमी हिस्सा ब्रिटेन के साथ 1846 में की गई एक संधि के तहत प्राप्त हुआ।
- मोंटाना को वर्ष 1889 में 41 वें राज्य के रूप में USA में शामिल किया गया।
- मोंटाना की आबादी लगभग 11 लाख है, जिसमें 94% से अधिक लोग अंग्रेजी भाषा बोलते हैं जो राज्य की आधिकारिक भाषा है।
- मोंटाना USA का चारों तरफ से भूमि से घिरा सबसे बड़ा राज्य है।

चर्चा में क्यों?-

- पिछले 3 सालों में मोंटाना राज्य में आत्महत्या की दर USA के सभी राज्यों से ज्यादा है।
- इन आत्महत्या में सबसे ज्यादा मौतें आग्नेचासगों, विशेषकर बन्दूकों से हुई है।
- 11 लाख की आबादी वाले इस राज्य में जनवरी 2021 से नवंबर 2023 के बीच 955 लोगों ने आत्महत्या की।
- पुरे USA में वर्ष 2022 में लगभग 27,000 आत्महत्याएँ बंदूक से हुई, जो उस वर्ष रिकॉर्ड में दर्ज आत्महत्या की संख्या 19,500 से बहुत ज्यादा है।
- सामूहिक गोलीबारी से होने वाली मौतें राष्ट्रीय सुर्ख़ियों में आती हैं, लेकिन अमेरिका में ज्यादातर मौतें बंदूक के द्वारा आत्महत्या के कारण होती हैं।
- पिछले 25 वर्षों में USA में प्रत्येक वर्ष बंदूक से होने वाली हत्याओं की तुलना में बंदूक से की जाने वाली आत्महत्या की संख्या ज्यादा है।

- व्योमिंग और न्यू मैक्सिको जैसे USA के अन्य शहर भी मोंटाना जैसी उच्च आत्महत्या की चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

Result Mitra

अली मुलेन का प्रयास-

- अली मुलेन पिछले एक वर्ष से USA में बंदूक आत्महत्या को रोकने का प्रयास कर रही है, जिसके तहत वह प्रत्येक चाहने वाले व्यक्ति को Gun lock system उपलब्ध करवा रही है।
- Gun lock system USA में कानूनी रूप से रखना बाध्य नहीं है, लेकिन यह उन लोगों के लिए सुरक्षा कवच होता है जिनका आग्नेयास्त्र उनके प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं रहता है।
- वस्तुतः 20 January 2019 को अली मुलेन के पति जॉन मुलेन ने बंदूक से ही आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद अली मुलेन आत्महत्या से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चला रही हैं।

LOSS टीम-

- अली मुलेन LOSS टीम नामक एक संस्था से जुड़ी हैं, जो ऐसे लोगों के लिए काम करता है, जिनके किसी प्रियजन ने आत्महत्या कर ली है।
- LOSS टीम के सदस्य आत्महत्या से पीड़ित परिवार के साथ सम्बन्ध स्थापित कर उन्हें मानसिक समर्थन देती है तथा आत्महत्या से बचने के लिए जागरुक करती है।
- LOSS team का मानना है कि बंदूक का स्वामित्व मोंटानावासियों के जीवन का हिस्सा बन गई है, लेकिन बंदूक को सुरक्षित रूप से रखना, बन्दूक से होने वाले आत्महत्या को कम करने में मददगार हो सकते हैं।

USA में Gun Culture-

- USA में हथियार रखने एवं धारण करने का अधिकार विभिन्न राज्यों एवं USA के विभिन्न संघीय कानूनों द्वारा नियंत्रित होता है।
- स्मॉल आर्म्स सर्वे 2011 के अनुसार, USA में प्रत्येक 100 में से 88 अमेरिकिओं के पास गन है।
- USA में गन खरीदने की न्यूनतम आयु निर्धारित है।
- The gun control act, 1968 के अनुसार, कोई भी छोटा हथियार खरीदने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष, जबकि हैंडगन आदि खरीदने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष है।

- संघीय कानूनों के अनुसार, USA का कोई राज्य न्यूनतम आयु सीमा को बढ़ा तो सकता है, लेकिन घटा नहीं सकता है।
- ऐसे लोग जो भगोड़े हों, मानसिक रूप से बीमार हों, जिन्हें एक वर्ष से अधिक जेल की सजा या 2 वर्ष से अधिक सजा मिली हो, USA में बंदूक खरीदने के पात्र नहीं हैं।
- ऐसे लोग जो अवैध नशीले पदार्थ का सेवन का सेवन करते दोषी पाए गए हैं, वे भी बंदूक खरीदने के पात्र नहीं हैं।
- संघीय कानूनों के मुताबिक USA में बंदूक बेचने वाले का न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा बन्दूक व्यापार का एक निश्चित स्थान होना चाहिए।
- बंदूक विक्रेता को बंदूक बेचने का लाइसेंस तभी प्राप्त हो पाता है, जब वह अपने मानसिक स्थिति संतुलित होने संबंधी प्रमाण-पत्र देता है।
- इसके अलावा बंदूक बेचने के स्थान के बारे में वहाँ की स्थानीय पुलिस को पता होना चाहिए।

Result Mitra

ग्लेशियर नेशनल पार्क-

- एक राष्ट्रीय उद्यान है, जो उत्तर-पश्चिमी मोंटाना में कनाडा-USA की सीमा पर स्थित है।
- यह नेशनल पार्क कनाडा के वॉचरटन झील नेशनल पार्क के पास स्थित है।
- इन दोनों राष्ट्रीय उद्यान को संयुक्त रूप से वाचरटन-ग्लेशियर इंटरनेशनल पीस पार्क के रूप में जाना जाता है।
- संयुक्त रूप से इस क्षेत्र को 'Crown of the continent Ecosystem' यानि 'महाद्वीपीय पारिस्थितिकी का मुकुट' कहा जाता है।
- यहाँ 41,000 वर्ग किमी का संरक्षित क्षेत्र है।
- यह UNESCO World Heritage Site भी है।
- काला भालू, भूरा भालू, विगहॉर्न भेड़, एल्क, पहाड़ी शेर एवं पहाड़ी बकरियां, ग्रे वुल्फ, वूल्वरिन तथा कनाडाई लिंक्स जैसी जानवर की प्रजातियां यहाँ निवास करती हैं।

Result Mitra